अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 23 अप्रैल 2026
वैशाख शुक्ल-सप्तमी
विक्रम संवत 2083

PAGE NO : IV TOP

विविध

■ **क्रिकेट :** भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मैदान पर इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह 8 बजे से।

PAGE NO : 06 BOTTOM

इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी (बाएं) और क्रिकेट टूर्नामेंट में गेंदबाजी करता खिलाड़ी। स्रोत : संस्थान

एसआर इंटरनेशनल स्कूल क्वार्टर फाइनल में

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट (सीजन-दो) के दूसरे दिन बुधवार को मैदान पर रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। टूर्नामेंट के चौथे मैच में एसआर इंटरनेशनल स्कूल ने वेदी इंटरनेशनल स्कूल को 4-2 से मात दी। इसके साथ ही टीम ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

खेल के छठे मिनट में ही वेदी इंटरनेशनल के तेगप्रीत सिंह ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई थी, लेकिन एसआर के हमजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8वें, 14वें और 28वें मिनट में लगातार तीन गोल दागकर मैच का रुख बदल दिया। वेदी के तेगप्रीत ने एक और गोल कर अंतर कम करने की कोशिश की, लेकिन अंत में एसआर के वाहिद ने 49वें मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

दिन का दूसरा और टूर्नामेंट का पांचवां मैच चाइल्ड केयर बिशप कोनराड और विद्या वर्ल्ड स्कूल के बीच बेहद संघर्षपूर्ण रहा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं, जिसके बाद मैच का फैसला टाइब्रेकर से हुआ। रोमांचक शूटआउट में चाइल्ड केयर ने 3-2 से जीत दर्ज की। छठे मैच में हार्टमैन कॉलेज ने सेक्रेड हार्ट्स को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से पराजित किया।

सातवें मुकाबले में आर्मी पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) ने जीआरएम स्कूल को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल का टिकट कटाया। इस दौरान बरेली जिला फुटबॉल संघ के सचिव मून रॉबिन्सन और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच नसीम अख्तर ने मैदान पर मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। संवाद

एसआर और विद्या वर्ल्ड स्कूल सेमीफाइनल में

इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-सात में खेले गए दो मैच

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-सात में बुधवार को एसआर इंटरनेशनल और विद्या वर्ल्ड स्कूल ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

दिन का पहला और टूर्नामेंट का 15वां मुकाबला एसआर इंटरनेशनल और नेशनल पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। एसआर के कप्तान अभिमन्यु श्रीवास्तव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो उनके गेंदबाजों ने सही साबित कर दिखाया। धारदार गेंदबाजी के सामने नेशनल पब्लिक स्कूल की पूरी टीम महज 9.4 ओवरों में 66 रनों पर सिमट गई। एसआर की ओर से शिवांश गंगवार और अक्षत ने तीन-तीन विकेट झटके। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआर इंटरनेशनल की टीम ने अभिमन्यु, शौर्य और अरहान यादव की उपयोगी पारियों की बदौलत 8.3 ओवरों में ही चार विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। शानदार गेंदबाजी के लिए अक्षत को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे क्वार्टर फाइनल में विद्या वर्ल्ड का सामना गिरीश प्रसाद मेमोरियल (जीपीएम) से हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्या वर्ल्ड ने अभय सक्सेना की 72 रनों की तूफानी पारी और अंकित नागर, लक्की चौधरी व शिवांश मिश्रा के योगदान से 19.1 ओवर में 199 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 200 रनों के पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीपीएम की टीम दबाव में बिखर गई और 15.5 ओवर में केवल 68 रनों पर ढेर हो गई।

विद्या वर्ल्ड के शिवांश श्रीवास्तव ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 15 रन देकर छह विकेट चटकाए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। विजेता खिलाड़ियों को टूर्नामेंट की आयोजन समिति के सचिव डॉ. शोभित सक्सेना, उप-सचिव इंजीनियर निपुण पांडेय और मनीष सिंह ने ट्रॉफी प्रदान की। संवाद